बरेली, सोमवार
1 अप्रैल, 2024
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14

दैनिक जागरण

बरेली क्लब मैदान में विजेता टीम सिविल इलेवन को ट्राफी सौंपते महापौर डा. उमेश गौतम साथ में ब्रिगेडियर मनीष कुकरेती • जागरण

सिविल इलेविन ने मैत्रीपूर्ण मैच में डिफेंस को 81 रनों से दी मात

जागरण संवाददाता, बरेली : बरेली क्लब मैदान में खेले गए मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच में सिविल इलेविन की टीम डिफेंस पर भारी पड़ी। 20 ओवर के मुकाबले में सिविल टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट खोकर 243 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में डिफेंस की टीम 162 रनों पर सिमट गई। मुकाबले में 93 रन बनाने वाले सिविल टीम के जसप्रीत निशु ने मैन आफ द मैच पुरस्कार अपने नाम की।

बरेली क्लब फ्रेंडली मैच में टास जीतकर सिविल इलेविन ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। टीम के जसप्रीत सिंह निशु ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए महज 37 गेंद पर 93 रन बनाए। उन्होंने नौ छक्के जड़े। दूसरे बल्लेबाज शिवांक खंडेलवाल ने 30 गेंदों में दो छक्के और नौ चौकों की मदद से 59 रन, पंचम अरोड़ा ने 30 व आदित्य मूर्ति ने 25 रन बनाए। पहाड़ सरीखे स्कोर को हासिल करने उतरी डिफेंस इलेविन की टीम 162 रनों पर ही सिमट गई। डिफेंस की ओर से सौरव समीर 33 व बलविंदर सैनी 33 रन बनाकर सर्वश्रेष्ठ स्कोरर रहे। मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले जसप्रीत सिंह निशु को मैन आफ द मैच, आदित्य मूर्ति को बेस्ट आलराउंडर, अभिनव शर्मा को बेस्ट गेंदबाज व नरेंद्र को सर्वश्रेष्ठ फील्डर के खिताब से नवाजा गया।

महापौर डा. उमेश गौतम व ब्रिगेडियर मनीष कुकरेती ने विजेता टीम व खिलाड़ियों को सम्मानित किया। मैच में अनंत भटनागर व राजीव सैनी ने अंपायर व राजीव गुप्ता और आनंद प्रकाश ने कमेंटेटरी की।